# प्रदूषण (Pollution)

पर्यावरण में दूषक पदार्थों का प्रवेश होने के कारण प्राकृतिक संतुलन में पैदा होने वाले दोष को प्रदूषण कहते हैं।

प्रदूषण पर्यावरण और जीव-जन्तुओं को नुकसान पहुँचाते हैं। प्रदूषण का अर्थ है- वायु, जल, मिट्टी आदि का अवांछित द्रव्यों से दूषित होना है।

ये निम्न प्रकार के होते हैं-

1. जल प्रदूषण
2. वायु प्रदूषण
3. मृदा प्रदूषण
4. ध्वनि प्रदूषण
5. प्रकाश प्रदूषण
6. रेडियोधर्मी प्रदूषण

## जल प्रदूषण (Water Pollution)

जल प्रदूषण का अर्थ है, जल में अवांछित तथा घातक तत्वों की उपस्थिति से जल का दूषित हो जाना, जिससे कि वह पीने योग्य नहीं रह जाता है।

## जल में उपस्थित अशुद्धियाँ (Impurity in Water)

जल प्रदूषण के बारे में अज्ञानता के कारण हम जल के साथ-साथ न जाने कितने जानलेवा तत्व शरीर में पहुँचा देते हैं, जो हमारे शरीर को धीरे-धीरे कमजोर एवं बीमार बना देते हैं। अशुद्ध जल में हैजा, पेचिश, मोतीझरा आदि रोगों के किटाणु पाये जाते हैं। अशुद्ध जल में अनेक प्रकार के किड़े के बच्चे तथा अन्डे भी पाये जाते हैं।

Scanned by TapScanner